# दिनांक 02.07.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल निगम ग्रामीण में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल निगम(ग्रामीण) समीक्षा की गयी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण उपस्थित रहे।

1. जल निगम(ग्रामीण)–अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद देवरिया में कुल चार फर्मों द्वारा पेयजल परियोजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

   **मे0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0** द्वारा 363 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें 110 नग पेयजल योजनाओं को O&M में हैण्डओवर कर दिया गया है। 127 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति संचालित की जा रही है व 70 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का जलार्पण कार्यक्रम कराया जा चुका है तथा क्षतिग्रस्त मार्गों का मरम्मत कार्य 723 नग राजस्व ग्राम में 510 नग ग्रामों का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया गया है व शेष ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

   **मे0 गायत्री–रामकी(जेवी) प्रा0लि0** द्वारा 217 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें 33 नग पेयजल योजनाओं को O&M में हैण्डओवर कर दिया गया है। 88 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति संचालित की जा रही है व 32 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का जलार्पण कार्यक्रम कराया जा चुका है तथा क्षतिग्रस्त मार्गों का मरम्मत कार्य 329 नग राजस्व ग्राम में 265 नग ग्रामों का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया गया है व शेष ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

   **मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी) प्रा0लि0** द्वारा 214 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें 20 नग पेयजल योजनाओं को O&M में हैण्डओवर कर दिया गया है, 21 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति संचालित की जा रही है व 20 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का जलार्पण कार्यक्रम कराया जा चुका है तथा क्षतिग्रस्त मार्गों का मरम्मत कार्य 468 नग राजस्व ग्राम में 324 नग ग्रामों का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया गया है व शेष ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

   **मे0 यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रा0लि0** द्वारा 74 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें 29 नग पेयजल योजनाओं को O&M में हैण्डओवर कर दिया गया है। 47 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति संचालित की जा रही है व 31 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं का जलार्पण कार्यक्रम कराया जा चुका है तथा क्षतिग्रस्त मार्गों का मरम्मत कार्य 121 नग राजस्व ग्राम में 80 नग ग्रामों का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया गया है व शेष ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। वहीं **जल सारथी ऐप** को आम जनता से जोड़ना है, जिसका जनपद में कुल लक्ष्य 17730 नग है, जिसके सापेक्ष 1855 लोगों को जोड़ा गया है।

   अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि सभी फर्मे परियोनाएं पूर्ण करने में तेजी लाये एवं O&M की प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक योजनाओं में पाइप लाइन डालते समय क्षतिग्रस्त मार्गों को समयान्तर्गत एवं गुणतापूर्ण सड़क मरम्मत कराना सुनिश्चित करें व सड़क मरम्मत की स्थिति प्रत्येक योजनावार एवं ब्लाकवार उपलब्ध करायें। क्रियाशील योजनाओं के लास्ट प्वाइंट तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें एवं उक्त स्थिति योजनावार इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कुल 194 परियोजनाएं जिनकी प्रगति 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत है, को एक माह के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगें तथा समाचार पत्रों में आपके विभाग से सम्बन्धित कोई विपरीत खबर प्रकाशित होती है तो मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से उक्त खबर खण्डन करते हुए जिला सूचना अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी महोदय, देवरिया।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, देवरिया।
3. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 (TPI Agency), देवरिया।
4. मे0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0।
5. मे0 गायत्री–रामकी(जेवी) प्रोजेक्ट लि0
6. मे0 ऋत्विक–कोया(जेवी)प्रोजेक्ट लि0।
7. मे0 यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रा0लि0।

अधिशासी अभियन्ता